प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
31.03.2024 / प्रादेशिक समाचार / रितेश / 09:20 बजे

राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज पूर्व उपप्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठर नेता लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से अलंकृत करेंगी। कल राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में पूर्व प्रधानमंत्रियों – पी वी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह, कृषि वैज्ञानिक एम. एस. स्वामीनाथन और दो बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उनके संबंधियों ने यह सम्मान ग्रहण किया। अलंकरण समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, विदेश मंत्री डॉ. एस.जयशंकर, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। भारत रत्न देश का सर्वोच्च नागरिक अलंकरण है। यह मानव प्रयास के किसी भी क्षेत्र में असाधारण सेवा और उत्कृष्टतम कार्यो के लिए प्रदान किया जाता है।

मीडिया प्रमाणन

लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारों द्वारा जारी किए जाने वाले विज्ञापनों का जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन व निगरानी समिति से प्री–सर्टिफिकेशन करवाना आवश्यक है। मण्डी के ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा है कि बिना प्री–सर्टिफिकेशन के कोई भी विज्ञापन केबल नेटवर्क, ई–पेपर, टीवी, सोशल मीडिया और प्रिंट मीडिया में जारी नहीं किया जा सकता है। स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए मीडिया कर्मियों की कार्यशाला को संबोधित करते हुए उन्होंने मीडिया कर्मियों से आग्रह किया कि वह बिना प्री–सर्टिफिकेशन के कोई भी विज्ञापन प्रकाशित न करें। इसके अतिरिक्त सरोगेट विज्ञापन का भी प्रकाशन न करें। उन्होंने कहा कि एम.सी.एम.सी. द्वारा सभी समाचारपत्रों, टीवी चैनलों, ई–पेपर, सोशल मीडिया पर प्रकाशित व प्रसारित होने वाले विज्ञापनों और पेड न्यूज पर कड़ी नजर रख जा रही है।

बेरोज़गारी भत्ता

बेरोजगारी भत्ता योजना, 2017 के लाभार्थियों को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी योजना के तहत नवीनीकरण करवाना होगा। रोज़गार अधिकारी आकाश राणा ने बताया कि आज से सभी आवेदकों का बेरोज़गारी भत्ता रोक दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी वित्त वर्ष में अपने बेरोज़गारी भत्ते को प्राप्त करने के लिए लाभार्थियों को पुनः अपनी पात्रता सिद्ध करनी होगी। इसके लिए अपने निकटतम रोज़गार कार्यालय में लाभार्थियों को फार्म सी, रोजगार कार्यालय पंजीकरण प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र सहित अपनी बैंक पासबुक की छायाप्रति जमा करवानी होगी।

कांग्रेस–आरोप

प्रदेश कांग्रेस संगठन महामंत्री रजनीश किमटा ने भाजपा पर राज्य सरकार द्वारा ऋण लेने के नाम पर भ्रामक प्रचार करने का आरोप लगाया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि 72 हज़ार करोड़ से अधिक का ऋण और 10 हज़ार 5 सौ करोड़ से अधिक की कर्मचारियों की देनदारियां प्रदेश सरकार को पूर्व भाजपा सरकार से विरासत में मिली हैं। किमटा ने कहा कि वित्तीय कुप्रबंधन, गलत निर्णयों व नीतियों के चलते पूर्व भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश के खजाने पर जो अनावश्यक आर्थिक बोझ डाला गया, उसके लिए उन्हें प्रदेश की जनता से सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कांग्रेस की सरकार को अस्थिर करने का असफल प्रयास किया है जिसका जवाब प्रदेश की जनता चुनावों में देगी।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों कल हुई बारिश बर्फबारी व ओलावृष्टि से तामपान में गिरावट दर्ज की गई है। ऊना, सोलन, सिरमौर, मंडी तथा कांगड़ा जिला में ओलावृष्टि से गेहूं और नकदी फसलों को नुकसान पहुंचा है। जनजातीय जिला लाहौल–स्पीति में दो से खराब मौसम व बर्फबारी से जनजीवन प्रभावित हुआ है। केलंग में 6 इंच जबकि कोकसर , सिसू व अटल टनल ऊतरी छोर पर करीब 10 इंच तक ताजा बर्फबारी हुई है इस बर्फबारी से मनाली केलंग सहित घाटी की अंदरूनी सड़के वाहनों की आवजाही के लिये बन्द हैं।

एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर....

आज सभी समाचार पत्रों ने मौसम से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिमाचल दस्तक की सुर्खी है–हिमाचल में अंधड़ ने मचाई, तबाही छतें, उड़ीं, पेड़ गिरे, फसलें बर्बाद। पंजाब केसरी का शीर्षक है–लाहौल, किन्नौर व कुल्लू में हिमपात, 6 जिलों में तूफान से छतें उड़ीं, पेड़ टूटे, ऊना में बच्ची की मौत। अमर उजाला लिखता है –हिमाचल में अंधड़ ने ली तीन की जान, 19 वाहन क्षतिग्रस्त, 10 भवनों की छतें उड़ीं। दैनिक जागरण के अनुसार–हिमाचल में आंधी ने ली तीन की जान। आपका फैसला के शब्द हैं–हिमाचल प्रदेश के कई जिलों में अंधड़ ने तबाई मचाई। जबकि दैनिक भास्कर ने खबर को सचित्र प्रकाशित करते हुए सुर्खी दी है–मौसम का आज फाइनल मार्च।

दिव्य हिमाचल का शीर्षक है–इस्तीफा मंजूर करवाने को धरने पर निर्दलीय। दैनिक भास्कर लिखता है–इस्तीफा मंजूर न होने पर विधानसभा में धरने पर बैठे तीन निर्दलीय विधायक। अमर उजाला का कहना है–इस्तीफे मंजूर न करने पर निर्दलीय विधायकों का धरना। हिमाचल दस्तक लिखता है–इस्तीफा मंजूर करने की मांग लेकर धरने पर बैठे निर्दलीय विधायक। जबकि दैनिक जागरण के शब्द हैं–त्यागपत्र स्वीकार न करने पर निर्दलीय विधायकों का धरना।

आपका फैसला मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–राज्य चयन आयोग के माध्यम से भर्ती प्रक्रिया आरंभ हुई। दैनिक भास्कर का कहना है–ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट के 162 पदों के लिए 447 आवेदकों ने दी ऑनलाइन परीक्षा। दैनिक सवेरा टाइम्स के मुताबिक–नए राज्य चयन आयोग के जरिए भर्ती प्रक्रिया शुरू, ओटीए के 162 पदों के लिए परीक्षा आयोजित। इसी पत्र के अनुसार –जनादेश व जिम्मेवारी की परवाह न करने वाले देते है–आया राम गया राम की संस्कृति को हवा।

———————————